**अथवा**

भारतेन्दु युगीन हिन्दी कविता की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए : **4+4=8**

(i) आधुनिक काल की राजनीतिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए ।

(ii) छायावादी काव्यधारा की तीन प्रवृत्तियाँ स्पष्ट कीजिए ।

(iii) द्विवेदी युग का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(iv) प्रगतिवादी काव्यधारा की तीन प्रवृत्तियों स्पष्ट कीजिए ।

**5.** (क) पल्लवन की परिभाषा और विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । **7**

**अथवा**

पत्र लेखन के स्वरूप और महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए : **4+4=8**

(i) संक्षेपण की चार विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(ii) पत्र लेखन के प्रमुख प्रकार स्पष्ट कीजिए ।



**Roll No. ......................** **Exam Code : M-21**

# Subject Code—52935

## B. A. EXAMINATION

(Fifth Semester)

HINDI (Compulsory)

HINC-301 (Paper A)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks :* 80

**नोट** : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **5+5=10**

(क) मैं बलिदान इस संघर्ष में
कटु व्यंग्य हूँ इस तर्क पर
जो जिन्दगी के नाम पर हारा गया,
आहूत हर युद्धाग्नि में
वह जीव हूँ निष्पाप
जिसको पूज कर मारा गया,
वह शीश जिसका रक्त सदियों तक बहा,
वह दर्द जिसको बेगुनाहों ने सहा ।

(ख) हम नदी के द्वीप हैं

हम नहीं कहते कि हमको छोड़कर स्रोतस्विनी
बह जाए वह हमें आकार देती है ।
हमारे कोण, गलियों, अन्तरीप, उभार सैकत कूल
सब गोलाइयाँ उसकी गढ़ी है ।

(ग) गोरी-गोरी सोंधी धरती-कारे-कारे बीज
बदरा पानी दे ।
क्यारी-क्यारी गूँज उठा संगीत
बोने वालो ! नयी फसल में बोओगे क्या बीज ?
बदरा पानी दे ।

(घ) जो नहीं हो सके पूर्ण काम
मैं उनका करता हूँ प्रणाम ।
कुछ कुण्ठित औ कुछ लक्ष्य भ्रष्ट
जिनके अभिमन्त्रित तीर हुए;
रण की समाप्ति के पहले ही
जो वीर रिक्त-तूणीर हुए;
-उनको प्रणाम ।

**2.** धर्मवीर भारती का साहित्यिक परिचय दीजिए । **5**

**अथवा**

नागार्जुन का साहित्यिक परिचय स्पष्ट कीजिए ।



**3.** (क) पाठ्यक्रम में संकलित कविताओं के आधार पर अज्ञेय की मूल-भावना स्पष्ट कीजिए । **7**

**अथवा**

'फूल, मोमबत्तियाँ और सपने' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4+4=8**

(i) 'साँप' कविता में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'वृक्षहत्या' कविता में कवि ने वृक्षों के काटने का मूल कारण किसे माना है ? स्पष्ट कीजिए ।

(iii) 'प्रेत का बयान' कविता का सार स्पष्ट कीजिए ।

(iv) 'अकाल और उसके बाद' कविता का मूल प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

**4.** (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : **7**

प्रयोगवादी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियाँ स्पष्ट कीजिए ।

(ix) 'कामायनी' के रचनाकार का नाम स्पष्ट कीजिए ।

(x) 'अकाल और उसके बाद' कविता में चूल्हा न जलने और चक्की न चलने का क्या कारण बताया गया है ?



(iii) संक्षेपण प्रक्रिया के प्रमुख नियमों का उल्लेख कीजिए ।

(iv) पल्लवन शब्द का अर्थ और स्वरूप स्पष्ट कीजिए ।

**6.** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है : **10×2=20**

(i) कविवर 'अज्ञेय' का पूरा नाम और दो रचनाएँ लिखिए ।

(ii) 'मंत्र गंध और भाषा' कविता के रचनाकार कौन हैं ?

(iii) 'वेदना और पीड़ा' की कवयित्री आधुनिक काल में किसे माना गया है ?

(iv) 'बोआई का गीत' कविता किससे सम्बन्धित है ?

(v) संक्षेपण का शाब्दिक अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(vi) पत्र भेजने वाले को क्या कहते हैं ?

(vii) नागार्जुन का वास्तविक पूरा नाम क्या है ? पाठ्यक्रम में संकलित उनकी दो कविताओं के नाम लिखिए ।

(viii) द्विवेदी युग के प्रतिनिधि कवि और अन्य प्रमुख कवियों के नाम लिखिए ।